# सांध्य दैनिक 4PM

जिद...सच की

मूल्य ₹ 3/-

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

• वर्षः 10 • अंकः 67 • पृष्ठः 8 • लखनऊ, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024




अगर आपको अपने जीवन के लक्ष्य प्राप्त करने हैं तो आपको अपनी आत्मा से शुरुआत करनी होगी।

-ओपरा विनफ्रे




जीत की दहलीज पर आकर हारा... 7 | रैलियों में दिखने लगी है चुनावी... 3 | भाजपा हार को लेकर अभी से... 2


# सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर पहुंचे केजरीवाल

## गिरफ्तारी को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ डाली याचिका

# शीर्ष अदालत ने कहा, जल्द की जाएगी सुनवाई

» भाजपा का सीएम के खिलाफ प्रदर्शन, पोस्टर वार से गरमाई सियासत

» मान और संजय सिंह केजरीवाल से नहीं कर सकेंगे मुलाकात

» आप विधायक अमानतुल्ला को समन, 20 को पेश होने का आदेश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर गुहार लगाई है। दरअसल मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए उन्हें राहत नहीं दी थी। वहीं शीर्ष अदालत में जल्द ही इसकी सुनवाई की जाएगी। इसको लेकर सियासत भी जारी है। बीजेपी ने दिल्ली के सीएम के खिलाफ जमकर प्रदर्शन भी किया। साथ ही पोस्टर वार भी शुरू हो गया है। भाजपा ने समुद्री लुटेरे फिल्म के पोस्टर में अरविंद केजरीवाल का चित्र लगाकर प्रदर्शन किया। उधर अदालत ने सीएम से कहा कि वह मेल से अपनी बात अदालत को भेजें। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि जांच एजेंसी ईडी (प्रर्वतन निदेशालय) द्वारा उनकी



गिरफ्तारी सही है। केजरीवाल के वकील आज सुबह कोर्ट में करेंगे मामले में सुनवाई की मांग करेंगे। आप ने साथ ही दावा किया, तथाकथित आबकारी नीति घोटाला केजरीवाल और उनकी पार्टी को खत्म करने की सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश है।

उधर पंजाब सीएम भगवंत मान और संजय सिंह को आज केजरीवाल से तिहाड़ जेल में मुलाकात करनी थीं। जेल प्रशासन ने मुलाकात की इजाजत नहीं दी।

## जल्द ही अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से न्याय मिलेगा : संजय सिंह



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने. कहा यह पूरा मामला फर्जी है। यह सिर्फ अरविंद केजरीवाल के खिलाफ राजनीतिक साजिश है। जिन बयानों में अरविंद केजरीवाल का नाम नहीं था, उन्हें जानबूझकर कार्यवाही से बाहर रखा जा रहा है और अदालत के सामने नहीं रखा जा रहा है। यदि सारे तथ्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे तो न्याय कैसे मिलेगा? अरविंद केजरीवाल के वकील अपना काम कर रहे हैं। वकील लगातार दस्तावेजों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से न्याय मिलेगा।

## सीएम से मिलीं सुनीता केजरीवाल



हाई कोर्ट से झटका लगने के बाद अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और उनके निजी सचिव बिभव कुमार ने तिहाड़ जेल में उनसे मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, एक अप्रैल के बाद से यह केजरीवाल के साथ उनकी पहली व्यक्तिगत मुलाकात थी. जेल नियमों के मुताबिक, एक कैदी सप्ताह में दो बार आगंतुकों से आमने-सामने या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मिल सकता है।

## गवाहों को पीट-पीट कर बयान बदलवाए गए : भारद्वाज



आम आदमी पार्टी के नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि संजय सिंह के मामले में भी हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली थी, लेकिन उन्हीं दलीलों पर सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली थी। ये अक्सर देखा जाता है कि जिला कोर्ट का फैसला हाईकोर्ट पलट देता है और हाईकोर्ट के फैसलों को सुप्रीम कोर्ट पलट देता है। वही बातें संजय सिंह जी के फैसले में 7 फरवरी 2024 को कही गईं।


# खरगे को चुनाव आयोग का नोटिस

» ईसी बोला- चुनाव प्रचार को अपमान का मंच न बनने दें

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के इस रण में नेताओं की बयानबाजी पर चुनाव आयोग सख्ती से कदम उठा रहा है। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला की भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) नेता और अभिनेत्री हेमा मालिनी पर अमर्यादित टिप्पणी पर निर्वाचन आयोग ने सख्ती दिखाते हुए रणदीप सुरजेवाला के साथ-साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

चुनाव आयोग ने मल्लिकार्जुन खरगे को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है कि नेताओं की ओर से सार्वजनिक संवाद के दौरान महिलाओं के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने के लिए दिए गए परामर्श का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। ईसीआई ने मल्लिकार्जुन खरगे से कहा, ईसीआई कांग्रेस अध्यक्ष से पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों द्वारा महिलाओं के प्रति सम्मानजनक सार्वजनिक चर्चा सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की मांग करता है। उन्होंने दोहराया कि चुनाव अभियान को महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार के अपमान का मंच नहीं बनने दिया जा सकता।



## 12 अप्रैल तक जवाब दें कांग्रेस अध्यक्ष

कांग्रेस अध्यक्ष को सभी पार्टी नेताओं की ओर से सार्वजनिक चर्चा के दौरान महिलाओं के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने के लिए ईसीआई की सलाह का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पार्टी की ओर से उठाए गए कदमों पर शुक्रवार (12 अप्रैल) तक जवाब देना होगा। ईसीआई ने कहा कि निर्धारित समय के भीतर उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर यह माना जाएगा कि उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है और चुनाव आयोग बिना किसी संदर्भ के मामले में उचित कार्रवाई या निर्णय लेगा।

## बीजेपी ने की थी शिकायत

बीती 5 अप्रैल को बीजेपी ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी जिसमें आरोप लगाया था कि सुरजेवाला ने प्रावधानों और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए, हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान बीजेपी सांसद हेमा मालिनी की गरिमा के खिलाफ कामुक, अश्लील और अनैतिक सार्वजनिक बयान दिए।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गाजीपुर की जेल पहुंचें अब्बास अंसारी

» पिता की फातिहा में शामिल होंगे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

गाजीपुर। मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी को भारी सुरक्षा के बीच गाजीपुर जेल लाया गया। सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी को उनके पिता मुख्तार अंसारी की याद में 10 अप्रैल को होने वाले फातिहा समारोह में भाग लेने की अनुमति दी। जिनकी हाल ही में बांदा मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई थी। बता दें सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जेल में बंद उत्तर प्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी को अपने पिता मुख्तार अंसारी की 10 अप्रैल को 'फातिहा' रस्म में शरीक होने की अनुमति दे दी थी।



न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान तबीयत बिगड़ने के बाद, 28 मार्च को उत्तर प्रदेश में बांदा के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मुख्तार अंसारी की मौत हो गई थी। गैंगस्टर से राजनीतिक नेता बने अंसारी खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज थे जिनमें से कुछ में उसे अदालत ने दोषी करार दिया था. अब्बास, कुछ आपराधिक मामलों के सिलसिले में न्यायिक हिरासत के तहत अभी उत्तर प्रदेश की कासगंज जेल में बंद थे।

# भाजपा हार को लेकर अभी से डरी : अविनाश

## » पीएम के बयान पर भड़के कांग्रेस प्रभारी
## » बोले- चार जून को दो लड़कों की मूवी को मिलेगी जोरदार सफलता

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने पीएम मोदी पर जमकर हमला किया है। उन्होंने कहा है कि चार जून को दो लड़कों (राहुल गांधी-अखिलेश यादव) की ब्लॉकबस्टर मूवी रिलीज होगी। यह न सिर्फ अच्छे से रिलीज होगी बल्कि देशभर में जोरदार सफलता के साथ रिलीज होगी। वे सहारनपुर की जनसभा में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो लड़कों की फ्लॉप फिल्म फिर रिलीज, की टिप्पणी का जवाब दे रहे थे।

कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय पर में अविनाश पांडेय ने पीएम की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि पिक्चर तो अभी शुरू हुई है। इसका क्लाइमेक्स आना बाकी है। शायद यही वजह है कि भाजपा अभी से डरी हुई है। उन्होंने कहा कि कहीं मुख्यमंत्री को जेल भेजा जा रहा है, तो कहीं बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिया जा रहा है। कांग्रेस के प्रचार व गठबंधन की संयुक्त रैली में देरी की एक वजह उन्होंने पार्टी के खातों का फ्रीज होना भी बताया। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि हम प्रदेश में चरणवार रैली व सभा करेंगे। जहां-जहां जरूरत होगी उसके अनुसार प्रदेश में गठबंधन की संयुक्त रैली भी होंगी। इसमें राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव आदि भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पास भाजपा जैसा स्रोत तो नहीं है, लेकिन हमारा संगठन हर स्तर पर समन्वय कर रहा है। हम प्रदेश की सभी 80 सीटों पर इंडिया गठबंधन के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। अमेठी कांग्रेस कमेटी गांव-गांव जाकर कांग्रेस न्याय गांरटी की जानकारी लोगों को देगी। राष्ट्रीय स्तर के नेता गांवों में जाकर लोगों से मिलकर उन्हें कांग्रेस के समय कराए गए कार्यों के बारे में बताएंगे। पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की यूपी और केंद्र सरकार ने देश और प्रदेश के सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक और संवैधानिक ताने बाने को तहस नहस कर दिया है। जातीय जनगणना से लेकर संविदा कर्मियों के नियमतीकरण सहित अन्य मुद्दों को लेकर कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर गांव-गांव जाएगी। जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्र, प्रवक्ता अनिल सिंह, ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव मौजूद रहे।

**प्रदेश में चरणवार रैली की जाएगी**





### दलित मुस्लिम मोर्चा ने कांग्रेस को समर्थन पत्र सौंपा

ऑल इंडिया दलित मुस्लिम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलाहुद्दीन 'शीबू' ने कांग्रेस पार्टी व इंडिया गठबंधन को लोकसभा चुनाव में समर्थन देने की घोषणा की है। सलाहुद्दीन ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के जोनल चेयरमैन तारिक सिद्दीकी की उपस्थिति में अपना समर्थन पत्र दिया।

### दस साल से त्रस्त है जनता : अजय राय

अजय राय ने कहा कि भाजपा के दस सालों के अन्याय काल से पूरी जनता त्रस्त है। सभी को विश्वास है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में जनप्रिय सरकार का गठन होगा। वहीं सलाहुद्दीन ने कहा कि इस समय देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात हैं। लोकसभा का चुनाव यह तय करेगा कि देश संविधान से चलेगा या फासीवाद से। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मंगलवार को एनसीपी के प्रदेश पदाधिकारियों व कुछ अन्य दलों के नेताओं से भी मिले। कुछ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ भी इनकी वार्ता हुई। इन संगठनों ने चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को समर्थन देने की बात कही। इसी क्रम में चुनाव प्रबंधन कमेटी की भी बैठक में आक्रामक प्रचार की रणनीति बनाई गई। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली और लखनऊ के बाद मंगलवार को मंडल स्तर पर कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी किया है।

# संविधान बदला जाएगा, तो इस्तीफा दे दूंगा : अठावले

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



मुंबई। केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री रामदास अठावले ने कांग्रेस के इस आरोप को खारिज कर दिया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार संविधान को बदलने की योजना बना रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी दल रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रमुख अठावले ने कहा कि अगर संविधान को बदलने का कोई प्रयास किया गया तो वह इस्तीफा दे देंगे।

अठावले भंडारा-गोंदिया लोकसभा सीट से सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवार सुनील मेंढे के लिए प्रचार करने यहां आए थे। अठावले ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली मौजूदा राजग सरकार के खिलाफ कोई मुद्दा नहीं होने के कारण, कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों के साथ मिलकर यह आरोप लगाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है कि अगर यह सरकार 400 से अधिक सीटें जीतती है, तो संविधान को बदल देगी। विपक्ष के आरोप पूरी तरह से निराधार है...अगर सरकार ने ऐसा कोई प्रयास किया तो मैं मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दूंगा और भाजपा से समर्थन वापस ले लूंगा।

# नैतिकता और अनैतिकता में भेद नहीं कर पा रही बीजेपी : अखिलेश यादव

**बोले- सिर चढ़कर बोल रहा सत्ता का अहंकार**

## » भाजपा सब जगह हार रही है

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर फिर जोरदार प्रहार किया है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा नेताओं का अहंकार उनके सिर चढ़कर बोल रहा है। भाजपाई सत्ता के मद में नैतिकता और अनैतिकता में भेद नहीं कर पा रहे हैं। भाजपा का लोकतंत्र, संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था में भरोसा नहीं है। वह समाज में भेदभाव करती है और नफरत फैलाती है।**

विपक्ष को अपमानित कर देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रदूषित करती है। चुनाव में हार के डर से पूरी भाजपा में बौखलाहट है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा के कार्यकर्ता से लेकर शीर्ष नेता तक भाषा की मर्यादा को भूल गए हैं। विरोधी दलों और नेताओं पर झूठे आरोप लगाना उनका स्वभाव है। भाजपा का उद्देश्य महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ध्यान हटाकर जनता को भ्रमित करना है। दस साल में भाजपा सरकार ने जनता की समस्याओं पर कोई काम नहीं किया। पूरे देश में भाजपा के खिलाफ भारी असंतोष है। जनता भाजपा के खिलाफ सपा और इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान को तैयार है। भाजपा सब जगह हार रही है। तमाम संगठन भाजपा को हराने और सत्ता से हटाने का संकल्प ले रहे है। इसीलिए भाजपा के नेता समाज को बांटने और नफरत फैलाने के एजेंडे पर आ गए हैं। भाजपा के पास जनता को बताने के लिए कोई काम नहीं है।



### विपक्ष का बड़ी रैलियों के बजाय छोटी-छोटी सभाओं पर जोर

उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन बड़ी रैलियों के बजाय लोकसभा क्षेत्र के स्तर पर छोटी-छोटी सभाएं करने पर जोर रहेगा। हर चरण के चुनाव में एक-दो ही बड़ी रैलियां करने की योजना तैयार की जा रही है। पहले चरण के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है लेकिन अभी तक सपा और कांग्रेस ने अलग-अलग या संयुक्त रूप से एक भी रैली नहीं की है। सपा के एक नेता नाम न छापने के अनुरोध के साथ बताते हैं कि इस बार पार्टी मतदान से पहले बड़े पैमाने पर अपनी ताकत का प्रदर्शन करना नहीं चाहती है। इसके पीछे की वजह यह है कि अपने मजबूत गढ़ों में भाजपा को सक्रियता बढ़ाने के लिए न उकसाया जाए। जिस क्षेत्र में जो भी उनकी मजबूत पॉकेट हैं, वे नहीं चाहते कि भाजपा उनमें सेंध लगाने में जुट जाए। इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की रणनीति यह है कि उनके बेस वोट में जो भी अन्य मतदाता प्लस हो सकते हैं, उन पर बिना किसी शोर-शराबे के फोकस किया जाए।

**बामुलाहिज़ा**

कार्टून: हसन जैदी



# जनता वोट से देगी तानाशाही का जवाब: राय

## » आप ने किया 'जेल का जवाब वोट से' अभियान शुरू

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से 'जेल का जवाब वोट से' कैंपेन शुरू किया है। आप के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने पूर्वी दिल्ली के शाहदरा के विश्वास नगर से कैंपेन की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर केजरीवाल को जेल भेजने के बारे में बताया। इस मौके पर गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली की जनता केजरीवाल को जेल भेजने से दुखी है। जनता ने संकल्प लिया है कि केजरीवाल को जेल भेजने का जवाब वोट से देंगे।**

मोदी सरकार ने तानाशाही रवैया दिखाते हुए केजरीवाल



को जेल में डालकर चुनाव प्रचार से रोक दिया है, लेकिन हम केजरीवाल बनकर उनका संदेश घर-घर पहुंचाएंगे। वह उनके कार्यों के बारे में जनता को अवगत कराने का कार्य करेंगे।

### दिल्ली के लिए अलग घोषणा पत्र जारी करेगी कांग्रेस

लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस दिल्ली के लिए अलग से घोषणा पत्र जारी करेगी। प्रदेश नेताओं की एक टीम घोषणा पत्र तैयार कर रही है। वह दिल्ली की समस्याओं के समाधान व जनता के हितों को घोषणा पत्र में शामिल करेगी। कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर के लिए न्याय पत्र के तौर पर घोषणा पत्र जारी कर चुकी है। वह दिल्ली में सात में से तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि समझौते के तहत चार सीटें आम आदमी पार्टी को दी हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता व दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारून यूसुफ ने यह जानकारी दी।

### जनता की चोट से आप हो जाएगी साफः अरुण

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि दिल्ली में सरकार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है और दिल्ली की जनता 25 मई को केजरीवाल सरकार को वोट की ऐसी चोट देगी कि आम आदमी पार्टी दिल्ली की राजनीति से साफ हो जाएगी। केजरीवाल सरकार के राज में दिल्ली के बच्चे पेड़ की छांव में शिक्षा लेने को मजबूर हैं, ऐसा तो देश में कहीं नहीं देखा गया है। जर्जर भवनों में क्षमता से अधिक बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। कभी पंखा टूटकर छात्र-छात्राओं के ऊपर गिर जाता है तो कभी छत का प्लास्टर। करोड़ों रुपये खर्च कर मोहल्ला क्लीनिकों का प्रचार किया गया लेकिन उनमें लोगों का इलाज नहीं होता। यह मोहल्ला क्लीनिक असामाजिक तत्वों, जानवरों और नशाखोरी करने वाले लोगों का अड्डा बन गए हैं।



# रैलियों में दिखने लगी है चुनावी 'रंगत'

# इंडिया गठबंधन ने मारी बाजी, जुटा रही भीड़

- जनसभाओं व रोड शो में पहुंचने लोग
- सीटों पर बनने लगी बात, सत्ता पर लगेगी घात
- मोदी व बीजेपी ने भी झोंकी ताकत
- कांग्रेस बोली- हम पुजारी हैं, बीजेपी राम की व्यापारी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। चुनावों की रैलियां आबाद हो रही हैं। नेता एक-दूसरे पर वार-पलटवार करने में जुटे हैं। सत्ता में बैठी बीजेपी व प्रधानमंत्री मोदी सबके निशाने पर हैं। दो चरणों के नामांकन प्रक्रिया लगभग खत्म हो चुकी है। विपक्ष हर मंच से भाजपा को बेरोजगारी, महंगाई, संवैधानिक संस्थानों पर हमले जैसे मुद्दे पर घेरने की कोशिश कर रही है। जबकि बीजेपी विपक्ष को धर्म की ओर लाकर उसे फंसाने की कोशिश करती है। बीजेपी हालांकि यह जताने की कोशिश कर रही है दस साल में उसने कायापलट कर दिया है। पर ऐसा नहीं है बहुत से ऐसे मुद्दे हैं जिस पर वह बात नहीं करना चाहती है, या कहिए कि वह उन मुद्दों से सबको भटकाने का प्रयास करती है।

कांग्रेस, टीएमसी, सपा से लेकर कोई इंडिया गठबंधन का सदस्य जब बीजेपी से काम गिनाने को कहता है तो घूम फिरकर राम मंदिर, मुस्लिम लीग और ऐसे ही बातों पर गोलमोल करने लगती है। खैर चुनावी लड़ाई बहुत दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई है आने वाले चार जून को पता चल जाएगा मोदी की राजग बाजी मारती है या राहुल की इंडिया गठबंधन। वहीं कांग्रेस ने जनवरी में एक बयान जारी कर अपने वरिष्ठ नेताओं को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का निमंत्रण यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया था कि यह स्पष्ट रूप से आरएसएस/भाजपा का कार्यक्रम था। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को इस साल जनवरी में अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को सम्मानपूर्वक अस्वीकार करने के पार्टी के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह एक राजनीतिक व्यक्ति के लिए राजनीतिक कार्यक्रम था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में भव्य भगवान राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान का नेतृत्व किया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भाजपा पर धर्म का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह धर्म और राजनीति को भी नीचे गिराती है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करते हुए, उन्होंने कहा कि वे राम के व्यापारी थे, जबकि कांग्रेस सदस्य देवता के पुजारी थे। जयराम रमेश ने कहा कि 22 जनवरी का जश्न राजनीतिक था। यह एक राजनीतिक व्यक्ति के लिए किया गया था. हम राम के उपासक हैं और वे (भाजपा) राम के व्यापारी हैं। दिलचस्प बात यह है कि आज मेरा जन्मदिन है। मेरा नाम है - जयराम रमेश - मेरे नाम के दोनों भागों में राम है। हमें कोई राम विरोधी नहीं कह सकता।

## इन सीटों पर मतदान

उत्तर प्रदेश - मेरठ, बागपत, अमरोहा, मथुरा, अलीगढ़, बुलंदशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर।
मध्य प्रदेश - टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद बैतूल।
राजस्थान - सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर-सिरोही, उदयपुर, बांसवाड़ा-डूंगरपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, कोटा एवं झालावाड़-बारां।
बिहार - किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर, बांका।
इसके अलावा असम, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल की भी कई सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होना है।

## दक्षिण में इंडिया का पलड़ा भारी : एंटनी



वरिष्ठ कांग्रेस नेता एके एंटनी ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि उनके बेटे और भाजपा उम्मीदवार अनिल एंटनी आगामी लोकसभा चुनाव में केरल की वह सीट हार जाएंगे, जिस पर वह चुनाव लड़ रहे हैं। एंटनी ने कहा कि उनके बेटे की पार्टी को हारना चाहिए, और उनके प्रतिद्वंद्वी, दक्षिण केरल निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार, एंटो एंटनी को जीतना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस नेताओं के बच्चों के भाजपा में शामिल होने की हरकत को भी गलत बताया। एंटनी ने अपने बेटे की राजनीति के बारे में बार-बार पूछे गए सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा,कांग्रेस मेरा धर्म है। केरल के तिरुवनंतपुरम में कांग्रेस के दिग्गज नेता ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ लगातार लड़ रही है। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी लगातार मोदी, बीजेपी और आरएसएस के खिलाफ लड़ रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि केरल की जनता मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के आरोपों को गंभीरता से लेगी। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि इंडिया ब्लॉक हर दिन आगे बढ़ रहा है और भाजपा नीचे जा रही है। मुझे लगता है कि यह हमारे लिए सरकार बनाने का मौका है। एक हफ्ते बाद (8 अप्रैल को), केरल के मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस राजनीतिक विचारों के बिना राज्य भर के निर्वाचन क्षेत्रों में विकास सुनिश्चित करने के बावजूद केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड बोर्ड को निशाना बना रहे हैं। पथानामथिट्टा जिले में एक चुनाव अभियान के तहत पत्रकारों को संबोधित करते हुए, विजयन ने कहा कि कांग्रेस केंद्रीय जांच एजेंसियों के लिए एक एजेंट के रूप में काम कर रही है, जिन्होंने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए केरल इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड बोर्ड (केआईआईबी) के खिलाफ जांच शुरू की है।

## दूसरे चरण के लिए 1210 प्रत्याशी ठोंकेंगे ताल

2024 चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार दूसरे फेज की 13 राज्यों की कुल 89 सीटों के लिए कुल 1210 उम्मीदवार चुनावी मैदान में होंगे। इन सीटों के लिए कुल 2633 नामांकन दाखिल किए गए थे जिनकी जांच के बाद 1428 नामांकन सही पाए गए हैं। अब 26 अप्रैल को इस चरण का मतदान होना है। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण की नामांकन वापस लेने की अवधि समाप्त हो चुकी है। चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार दूसरे फेज में 13 राज्यों की कुल 89 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे।इनमें कुल 1210 उम्मीदवार चुनावी मैदान में होंगे। इससे पहले इन सीटों के लिए कुल 2633 नामांकन दाखिल किए गए थे। इनकी जांच के बाद कुल 1428 नामांकन सही पाए गए थे। इससे पहले दूसरे चरण के लिए 4 अप्रैल तक नामांकन दाखिल करने का मौका था।

## सबसे अधिक नामांकन केरल से

वहीं नामांकन वापिस लेने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल तक थी। चुनाव आयोग ने बताया कि दूसरे चरण के लिए सबसे ज्यादा 500 नामांकन केरल राज्य में किया गया, जहां पर कुल 20 सीटों पर चुनाव होना है। वहीं कर्नाटक की 14 सीटों के लिए 491 नामांकन दाखिल किए गए।सबसे कम नामांकन त्रिपुरा में दाखिल हुए, जहां पर केवल एक सीट पर चुनाव होना है। बता दें किदूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं 4 जून को मतगणना होगी। इधर तीसरे चरण के लिए 12 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी होगा और नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं, नामांकन की अंतिम तिथि 19 अप्रैल रहेगी।

## राज ठाकरे ने भी कसी कमर



मुंबई के छत्रपति शिवाजी पार्क में राज ठाकरे की बड़ी रैली होने जा रही है। गुड़ी पड़वा के मौके पर आज एमएनएस की बड़ी रैली मुंबई के शिवाजी पार्क में होगी। कुछ दिन पहले ही राज ठाकरे ने दिल्ली आकर अमित शाह से मुलाक़ात की थी। राज्य के डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस ने भी कहा है कि अगर राज ठाकरे एनडीए में शामिल होते हैं तो उनके लिए रेड कार्पेट बिछाया जाएगा।

## महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन का दावा मजबूत

लोकसभा चुनाव अब बेहद ही नजदीक आ चुके हैं। ऐसे में तमाम पार्टियां अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान करने में जुटी है। इसी बीच महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के बीच सीट शेयरिंग की गुत्थी सुलझ चुकी है. संजय राउत ने इस बात का ऐलान किया है कि पार्टियों के बीच सीट शेयरिंग पर बात बन गई है। उन्होंने बताया कि उद्धव ठाकरे गुट 21 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। वहीं कांग्रेस के हिस्से में 17 सीट आई है।

## धर्म का राजनीतिकरण धर्म और राजनीति को नीचे लाता है: जयराम



धर्म का राजनीतिकरण धर्म और राजनीति को भी नीचे लाता है। उनसे सोमवार को छत्तीसगढ़ में अपनी लोकसभा चुनाव रैली में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी के बारे में पूछा गया था जिसमें प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमंत्रण को अस्वीकार करने के फैसले पर कांग्रेस की आलोचना की गई थी। पीएम मोदी ने यह भी आरोप लगाया था कि कांग्रेस ने उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जो पार्टी के रुख से असहमत थे। कांग्रेस ने जनवरी में एक बयान जारी कर अपने वरिष्ठ नेताओं को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का निमंत्रण यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया था कि यह स्पष्ट रूप से आरएसएस/भाजपा का कार्यक्रम था। पार्टी ने कहा था कि 2019 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करते हुए और भगवान राम का सम्मान करने वाले लाखों लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए, श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, श्रीमती। सोनिया गांधी और श्री अधीर रंजन चौधरी ने स्पष्ट रूप से आरएसएस/भाजपा कार्यक्रम के निमंत्रण को सम्मानपूर्वक अस्वीकार कर दिया है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह इस साल 22 जनवरी को आयोजित किया गया था। सोमवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने का सपना पूरा हो गया है।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma

@Editor_Sanjay

# दुनिया के आमजन तक पहुंचे स्वास्थ्य सेवाएं

**“विश्व हेल्थ सिस्टम को इस बात पर भी ध्यान देना होगा इस महामारी जैसी तबाही दुबारा न आए। हालांकि 2020 के बाद सभी देशों में स्वास्थ्य की स्थिति सोचनीय एवं परेशान करने वाली है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ स्वस्थ खाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि कैसे दुनिया एक साथ आकर सभी को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है।**

*अभी बीते दिनों पूरी दुनिया ने वर्ल्ड हेल्थ डे मनाया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक बढ़ी बीमारियों पर नजर रखने के लिए 7 अप्रैल का दिन इसके लिए चुना है। अभी पूरी दुनिया कोरोना के कहर को भूली नहीं है। विश्व हेल्थ सिस्टम को इस बात पर भी ध्यान देना होगा इस महामारी जैसी तबाही दुबारा न आए। हालांकि 2020 के बाद सभी देशों में स्वास्थ्य की स्थिति सोचनीय एवं परेशान करने वाली है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ स्वस्थ खाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि कैसे दुनिया एक साथ आकर सभी को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है। वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक क्रांति, बढ़ती आबादी, शहरीकरण तथा आधुनिक जीवन के तनावपूर्ण वातावरण के कारण शारीरिक एवं मानसिक रोगों में भारी वृद्धि हुई है। हर वर्ष दुनिया के लोगों की उन्नत स्वास्थ्य की अपेक्षा के साथ 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाता है। दुनिया भर में लोगों को प्रभावित करने वाले एक विशिष्ट स्वास्थ्य मुद्दे के बारे में जागरूकता बनाना इसका ध्येय है।*

*यह सामूहिक कार्रवाई, शिक्षा और सभी के लिए स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने का दिन है। 2024 की थीम – 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' है। चिकित्सा के क्षेत्र में नए खोज, नई दवाओं और नए टीकों को बनाने के साथ ही स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना भी विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्राथमिकता है। सन् 1948 में, दुनिया के तमाम देशों ने एक साथ मिलकर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, दुनिया को सुरक्षित रखने और कमजोर लोगों की सेवा करने के लिए डब्ल्यूएचओ की स्थापना की, ताकि हर व्यक्ति हर जगह स्वस्थ्य रहे और उच्चतम स्तर की मदद प्राप्त कर सके। 2021 में दुनिया की आधी आबादी से अधिक, 4.5 बिलियन से अधिक लोगों के पास आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पर्याप्त पहुंच नहीं थी। दो अरब लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं क्योंकि उनके पास विभिन्न रोगों के उपचार पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं। दुनिया भर में लगभग 930 मिलियन लोगों को अपने घरेलू बजट का 10 प्रतिशत या उससे अधिक स्वास्थ्य पर खर्च करना पड़ रहा है, जिससे उनकी वित्तीय हालत और खराब हो रही है। यह दिवस केवल जागरूकता बढ़ाने के बारे में नहीं है, यह परिवर्तन का उत्प्रेरक है, यह स्वास्थ्य-क्रांति का शंखनाद है। इन सब के साथ आमजन को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। अपने स्वास्थ्य के साथ समाज में साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# आत्मीयता का अमृत मिटा, जगा ईश विश्वास

डॉ. योगेन्द्र नाथ शर्मा 'अरुण'

इधर जब से अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बना है, तब से हमारे समाज में, विशेषकर उन बुजुर्गों में 'आस्था और भक्ति' का विचित्र-सा सैलाब देखने को मिल रहा है, जो जीवन के अस्ताचल में हैं और प्राय: अकेले रहते हैं। उनका अपना भरापूरा परिवार था, जिसमें माता-पिता, भाई-बहन, ताऊ-ताई, चाचा-चाची और बेटे-बेटियां सभी थे, लेकिन 'बिछड़े सभी बारी-बारी' की तर्ज पर सब उन्हें छोड़ गए और अब वे निपट अकेले जीवन गुजारने को मजबूर हो गए हैं। आज के महानगरीय और नगरीय समाज की विडंबना यही है कि बच्चे पढ़-लिखकर विदेशों में या बड़े-बड़े शहरों में चले गए हैं और उनके माता-पिता बस 'फोन पर उनसे बात करने' की लालसा में जी रहे हैं। हिन्दी साहित्य की विश्वकृति 'कामायनी' में प्रलय के बाद जीवित बचे 'मनु' यज्ञ के बाद यह सोचकर 'हविष्यान्न' का प्रसाद कहीं रख आते हैं कि मेरी तरह कोई जीवित बचा हो तो इसे खाकर जीवित रह सकेगा। आज कहां चली गई हमारी यह परोपकार की भावना, जो एक रोटी में से 'आधी' किसी भूखे को देने में खुशी महसूस करती थी?

आज अनायास ही एक ऐसी घटना का किस्सा पढ़ने को मिला, जिसने मेरे 'अंतर्मन' को कुरेद दिया है और मैं आप सबसे इसे साझा करने से स्वयं को रोक नहीं पा रहा हूं। जब किसी बुजुर्ग को अपनी संतान और परिवार वालों का साथ नहीं मिलता, तो वह सिर्फ 'भगवान' के सहारे जीता है। उस वक्त वह भगवान को ही अपना मानता है और इसी विश्वास से उसे दुखों को सहने की शक्ति मिलती है। 'एक ट्रेन में चेकिंग करते वक्त टिकट चैकर को एक फटा और पुराना पर्स मिला। टीसी ने जब उस पर्स को खोल कर देखा, तो उसमें कुछ पैसे और भगवान कृष्ण की फोटो दिखाई दी। टीसी ने ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों से पूछा कि वह पर्स किसका है? तब एक बूढ़े यात्री ने टीसी से कहा कि 'साहब यह पर्स मेरा है।' बूढ़े यात्री की यह बात सुनकर टीसी ने पूछा कि 'इसका सबूत क्या है?' तो बूढ़े व्यक्ति ने कहा 'इस पर्स में भगवान श्रीकृष्ण की फोटो रखी हुई है, आप देख लें।'

अब टीसी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की फोटो तो किसी के भी पर्स में हो सकती है। इसमें तुम्हारे बेटे-बेटी या तुम्हारे परिवार वालों की फोटो क्यों नहीं है? इस पर बूढ़े व्यक्ति ने बताया कि मैं जब स्कूल में था, तब मेरे पिताजी ने मुझे यह पर्स दिलाया था। मैंने उस समय इस पर्स में अपने माता और पिता की फोटो लगाई थी। जब मैं बड़ा हुआ, तो मैंने उसमें अपनी फोटो लगा दी, क्योंकि मुझे अपनी सुंदरता पर बहुत गर्व होता था। कुछ समय बाद ही मेरी शादी हो गई और मैंने पर्स में से अपनी फोटो हटाकर पत्नी की फोटो लगा दी। मैं समय-समय पर अपनी पत्नी की फोटो देखता रहता था। इसके बाद मेरी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया, तो मैंने पर्स में से अपनी पत्नी की फोटो हटाकर अपने बेटे की फोटो लगा दी। कुछ साल बाद मेरे माता-पिता का देहांत हो गया। मेरा बेटा बड़ा हो गया और उसकी भी शादी हो गई। कुछ समय बाद मेरी पत्नी भी मुझे और इस दुनिया को छोड़कर हमेशा के लिए चली गई। अब मेरा बेटा अपनी पत्नी के साथ दूसरे शहर में रहने चला गया। वह तो मेरे लिए समय ही नहीं निकाल पाता। मेरा ध्यान रखने वाला अब कोई नहीं है। सच कहूं, बाबूजी! अब तो एक ही हैं, जो मेरा ध्यान रखते हैं और वे भगवान श्रीकृष्ण हैं। इसीलिए मैंने अपने पर्स में से अपने बेटे की फोटो निकालकर अपने भगवान श्रीकृष्ण की फोटो लगा ली है। मुझे अब इस बात का अनुभव हो गया है कि इस संसार में कोई भी रिश्ता साथ नहीं देगा, सिर्फ भगवान ही साथ देंगे।' बुजुर्ग का उत्तर सुनकर, आंखों में आंसू लिए, टीसी ने उनको पर्स लौटा दिया।' सच मानिए, इस प्रकरण ने मुझे आस्था के उस महासत्य का स्मरण करवा दिया, जिसे हृदय में रख कर तुलसीदास जी



ने लिखा होगा 'एक भरोसो, एक बल, एक आस, बिस्वास। एक राम घनस्याम हित, चातक तुलसीदास।'

आज हमारे समाज में यह विडंबना क्यों दिखाई दे रही है? इसका उत्तर एक ही है कि हम भौतिकता की चमक-दमक में आत्मीयता के अमृत को भुला बैठे हैं। धन कमाने की होड़ में 'मन' का चैन कहीं खो बैठे हैं और रिश्तों-नातों को जंग लगता जा रहा है। फक्कड़ मस्तमौला कबीर तो सदियों पहले कह गये थे-

**'माया मरी न मन मरा, मर-मर गए सरीर।**
**आशा,तृष्ना ना मरी, कह गए दास कबीर।'**

आइए, मरते हुए रिश्ते-नातों को आत्मीयता का गंगा-जल डाल कर फिर से सींचें, ताकि किसी बुजुर्ग को अकेले तड़पना न पड़े।

**'अपनापन सुख दे सदा,/ इसको रखना याद।**
**धन-दौलत रहते नहीं,/ खुद मिटने के बाद।'**

# संपूर्ण सृष्टि के प्रति कृतज्ञता जताने का पर्व

योगेश कुमार गोयल



यूं तो सनातन धर्मावलंबियों के लिए नववर्ष बेहद महत्वपूर्ण होता ही है किन्तु ज्योतिष की नजर से भी इस साल यह वर्ष बेहद खास है। विक्रम संवत 2081 के राजा मंगल और मंत्री शनिदेव होंगे, जिनका पूरे वर्ष सभी राशियों पर प्रभाव बना रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 30 वर्षों बाद ऐसा संयोग बन रहा है, जब हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत की शुरुआत कई शुभ योगों में हो रही है। प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नव संवत्सर का आरंभ माना जाता है। हिन्दू जीवन-दर्शन की मान्यताओं के अनुसार, सृष्टि की काल गणना के मुताबिक भारत में प्रचलित संवत्सर केवल भारतीयों का ही नहीं बल्कि समूचे विश्व अथवा समस्त मानवीय सृष्टि का संवत्सर है। नव संवत्सर को संवत्सरारंभ, विक्रम संवत, गुड़ी पड़वा, युगादी, वर्षारंभ, वर्ष प्रतिपदा, वसंत ऋतु प्रारंभ इत्यादि नामों से भी जाना जाता है, जो सकल ब्रह्मांड के लिए नववर्ष के आगमन का सूचक है।

वैदिक पंचांग के अनुसार इस वर्ष हिन्दू नववर्ष 9 अप्रैल, मंगलवार से शुरू हो गया है। हिन्दू नववर्ष यानी विक्रम संवत 2081 के पहले दिन अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और शश राजयोग का संयोग बन रहा है। इसके अलावा वैदिक पंचांग आधारित इस नववर्ष के पहले दिन रेवती और अश्विनी नक्षत्र का भी संयोग बन रहा है। यूं तो सनातन धर्मावलंबियों के लिए नववर्ष बेहद महत्वपूर्ण होता ही है किन्तु ज्योतिष की नजर से भी इस साल यह वर्ष बेहद खास है। विक्रम संवत 2081 के राजा मंगल और मंत्री शनिदेव होंगे, जिनका पूरे वर्ष सभी राशियों पर प्रभाव बना रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 30 वर्षों बाद ऐसा संयोग बन रहा है, जब हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत की शुरुआत कई शुभ योगों में हो रही है। प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नव संवत्सर का आरंभ माना जाता है।

हिन्दू जीवन-दर्शन की मान्यताओं के अनुसार, सृष्टि की काल गणना के मुताबिक भारत में प्रचलित संवत्सर केवल भारतीयों का ही नहीं बल्कि समूचे विश्व अथवा समस्त मानवीय सृष्टि का संवत्सर है। नव संवत्सर को संवत्सरारंभ, विक्रम संवत, गुड़ी पड़वा, युगादी, वर्षारंभ, वर्ष प्रतिपदा, वसंत ऋतु प्रारंभ इत्यादि नामों से भी जाना जाता है, जो सकल ब्रह्मांड के लिए नववर्ष के आगमन का सूचक है। हमारी वैदिक धरोहर का प्रतीक तथा सृष्टि और ब्रह्मांड की उत्पत्ति का दिवस नव संवत्सर हर भारतीय के लिए एक पावन पर्व के समान है, जो भारत की पौराणिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परम्परा का संवाहक है। नव संवत्सर को विक्रम संवत भी कहा जाता है। विक्रम संवत की स्थापना ईसा के 57 वर्ष पूर्व सम्राट विक्रमादित्य के शकों पर विजय पाने के उपलक्ष्य में हुई थी। शक चीन के पास से निकलने वाली तामीर नदी के इलाके की बर्बर और युद्धप्रिय जाति थी, जिन्होंने मध्य एशिया में आतंक मचाते हुए भारत पर भी कई बार हमले किए।

सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को पश्चिम में हिन्दूकुश से और पूर्व में बर्मा के पार खदेड़ते हुए अपनी प्रजा को भयमुक्त, आपदामुक्त करने के अलावा करमुक्त भी कर दिया था। वहीं प्रजा के हित में अनेक जनहितकारी कार्य करते हुए धर्म संसद से अपने नाम का 'संवत' चलाने का गौरव हासिल किया था। सम्पन्नता तथा सुरक्षा की इसी स्मृति में उन्होंने 'कृत संवत' की स्थापना की, जो ईसा की तीसरी-चौथी शताब्दी तक 'मालव संवत' के नाम से जाना जाता रहा। उस समय यशोधर्मा ने हूणों को पराजित कर भारत से बाहर खदेड़ा था। हूणों पर शकों जैसी ही विजय पाने की स्मृति में 'मालव संवत' की पुनर्प्रतिष्ठा करते हुए राजा यशोधर्मा ने इसका नाम 'विक्रम संवत' कर दिया।

हिन्दू धर्म में नव संवत्सर को शक्ति की उपासना, सभी के सुख की कामना और सम्पूर्ण सृष्टि, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व माना जाता है। विक्रम संवत को अत्यंत प्राचीन, पूर्ण रूप से वैज्ञानिक, समस्त संस्कारों, पर्वों और त्योहारों की रीढ़ माना जाता है।

हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नव संवत्सर अच्छे कार्यों की शुरुआत के लिए बहुत शुभ होता है। इसीलिए प्राय: मुंडन, नामकरण, गृह प्रवेश इत्यादि हिन्दुओं के सभी शुभ संस्कार नव संवत्सर से शुरू होने वाले नवरात्र के नौ दिनों में किया जाना ही शुभ माना जाता है। सनातन धर्म के सभी अनुष्ठानों और संकल्पों में जब काल और स्थान बोले जाते हैं तो विक्रम संवत के ही वर्ष, मास, पक्ष और तिथि का उच्चारण किया जाता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हिन्दू नववर्ष मनाने के नैसर्गिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक कारण भी हैं। इससे हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के अनेक प्रसंग जुड़े हैं। संवत्सर के पहले दिन ही भगवान विष्णु का मत्स्यावतार होने का वर्णन मिलता है। भगवान श्रीराम और सम्राट युधिष्ठिर ने इसी दिन राजसत्ता संभाली थी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के ही दिन अयोध्या में श्रीराम का विजयोत्सव मनाने के लिए अयोध्यावासियों ने घर-घर के द्वार पर धर्मध्वज फहराया था। इसीलिए इसके प्रतीक स्वरूप इस दिन धर्मध्वज फहराया जाता है। इसी दिन श्रीराम ने बाली का वध किया था। महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने इसी दिन सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीना और वर्ष की गणना करते हुए प्रथम भारतीय पंचांग की रचना की थी। महर्षि दयानंद सरस्वती ने इसी दिन आर्य समाज की स्थापना की थी और सिखों के द्वितीय गुरु अंगद देव का जन्मदिवस भी इसी दिन मनाया जाता है।

## खीरा और अदरक

खीरा ताजगी और ठंडक देने वाला फल है जिसके कई फायदे हैं। यह गर्मियों में पेय बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली एक अच्छी सामग्री है। डिटॉक्स ड्रिंक के रूप में भी इससे लाभ पाया जा सकता है। कटे हुए खीरे और काली मिर्च-नमक को पानी में अच्छी तरह मिला लीजिए। इसमें नींबू और अदरक भी डाल सकते हैं। पेट को ठंडा करने के लिए बर्फ के टुकड़े भी मिलाए जा सकते हैं। ये एक बढ़िया डिटॉक्स ड्रिंक है, इससे शरीर को लंबे समय तक हाइड्रेट रखने में भी मदद मिलती है। इसके अलावा लंबे बालों के लिए भी सबसे पहले अपनी डाइट में अदरक और खीरे को शामिल करना होगा। इतना ही नहीं आपको अदरक और खीरे को अपने बालों पर हेयर पैक की तरह लगाना भी होगा।



## ऐसे करें सफाई

बॉडी डिटॉक्स के लिए आपको ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है, घर पर ही मौजूद चीजों से आसानी से शरीर को अंदर से साफ किया जा सकता है। त्योहार के बाद अक्सर लोगों में डिहाइड्रेशन की समस्या देखी जाती रही है, इसलिए जरूरी है कि सबसे पहले खूब सारा पानी पिएं, शरीर में तरल पदार्थों की कमी होने से कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। पानी पीने से भी शरीर से अतिरिक्त सोडियम-शुगर को बाहर निकालने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा आपको कुछ और ड्रिंक्स से लाभ मिल सकता है।

## नींबू पानी और शहद

बॉडी डिटॉक्स के लिए जिस पेय पदार्थ का सबसे ज्यादा सेवन किया जाता रहा है वह है नींबू-पानी। सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू और शहद डालकर इसका सेवन करना आपके लिए काफी लाभप्रद हो सकता है। इससे न सिर्फ शरीर हाइड्रेट होता है साथ ही नींबू में मौजूद विटामिन-सी की मात्रा आपको कई प्रकार के फायदे दे सकती है। रक्त शर्करा को बेहतर तरीके से कंट्रोल करने के अलावा नींबू पानी पीने से आहार में गड़बड़ी के कारण हुई पाचन की दिक्कतों को भी दूर किया जा सकता है।

# बॉडी डिटॉक्स करने के लिए पियें ये ड्रिंक्स



भारत में त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाये जाते हैं। जिसे लजीज भोजन, मिठाइयां और पकवान इस त्योहार को काफी खास बना देते हैं। हालांकि त्योहारों में तली-भुनी चीजें अधिक खा लेने के कारण कब्ज-अपच और पाचन की कई प्रकार की दिक्कतें हो सकती हैं। इतना ही नहीं भोजन में गड़बड़ी का सेहत पर कई और तरह से भी नकारात्मक असर हो सकता है। इसलिए भारी भोजन के बाद अगले दिन शरीर की आंतरिक साफ-सफाई यानी कि बॉडी को डिटॉक्स करने चाहिए। ये शरीर में जमा गंदगी को बाहर निकालने, मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने और आपके पाचन को ठीक रखने में मदद कर सकती है। समय-समय पर बॉडी डिटॉक्स करते रहने से विषाक्त पदार्थ जमा नहीं होने पाते हैं, जिन्हें कई प्रकार की बीमारियों का कारण माना जाता है।

## हर्बल टी

नींबू पानी के अलावा कई प्रकार के हर्बल टी भी शरीर को डिटॉक्सीफाई करने और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्ट माने जाते रहे हैं। जड़ी-बूटियों से युक्त चाय लिवर को फायदा देने के साथ शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करती है। ये इम्युनिटी सिस्टम को ठीक रखने के साथ कोलेस्ट्रॉल और ब्लड शुगर को भी बढ़ने से रोकने में मददगार हो सकती है।



## हंसना मना है



बाप: बेटा अगर ससुराल वाले स्कूटर दें तो कार मांगना, कूलर दें तो एसी मांगना, लड़का: पापा अगर वो लड़की दें तो उसकी मां को भी मांगलूं क्या?

टीचर ने गधे के सामने 1 दारु की और 1 पानी की बाल्टी रखी, गधा पानी पी गया। टीचर: तुमने इस से क्या सिखा? स्टूडेंट: जो दारु नहीं पिता वह गधा होता है!

एक आदमी मेडिकल शॉप पर जहर लेने गया। आदमी: एक जहर की बोतल देना दुकानदार: बिना पर्ची के जहर नहीं मिल सकता। आदमी ने शादी का कार्ड दिखाया.. दुकानदार: बस कर पगले, रुलाएगा क्या? बड़ी बोतल दूं या छोटी?

पति- क्या तुम्हें पता है कि गाने में इतनी ताकत होती है कि पानी भी गरम हो जाता है, पत्नी- हां हां जरूर, क्यों नहीं जानती अब तुम यही सोच लो अगर तुम्हारा गाना सुन कर मेरा खून खौल सकता है, तो फिर पानी क्यों नहीं।

टीचर- कल होमवर्क नहीं किया तो मुर्गा बनाऊंगा। पप्पू - सर मुर्गा तो मैं नहीं खाता, आप चाहो तो मटर पनीर बना लेना, पप्पू का जवाब सुनकर मास्टर जी ने कल के बजाए उसे आज ही मुर्गा बना दिया।

## कहानी | मूर्ख ऊंट

एक जंगल में शेर रहता था। कौआ, सियार और चीता उसके सेवक के रूप में हमेशा उसके साथ रहते थे। शेर रोज शिकार करके भोजन करता और ये तीनों उस बचे हुए शिकार से अपना पेट भरते थे। एक दिन उस जंगल में एक ऊंट आ गया, जो अपने साथियों से बिछड़ गया था। शेर ने कभी ऊंट नहीं देखा था। कौवे ने शेर को बताया कि आप इसका शिकार करके अपना पेट भर सकते हो। शेर ने कहा कि नहीं यह हमारा मेहमान है। मैं इसका शिकार नहीं करूंगा। शेर, ऊंट के पास गया और ऊंट ने उसे सारी बात बताई कि वो किस प्रकार अपने साथियों से बिछड़कर जंगल में पहुंचा। शेर ने कहा कि आप हमारे मेहमान हैं, आप इस जंगल में ही रहेंगे। कौआ, चीता और सियार इस बात को सुनकर मन ही मन ऊंट को कोसने लगे। जल्दी ही जंगल की घास और हरी पत्तियां खाकर वह तंदुरुस्त हो गया। एक दिन शेर की जंगली हाथी से लड़ाई हो गई जिससे बुरी तरह से घायल हो गया। वह कई दिन तक शिकार पर नहीं जा सका। जिससे कौआ, चीता व सियार कमजोर होने लगे। जब कई दिनों तक उन्हें कुछ भी खाने को नहीं मिला, तो सियार ने शेर से कहा कि महाराज आप बहुत कमजोर हो गए हैं और अगर आपने शिकार नहीं किया, तो हालत और ज्यादा खराब हो सकती है। शेर ने कहा कि अगर तुम लोग किसी जानवर को यहां ले आओ, तो मैं अपना और तुम तीनों का पेट भर सकता हूं। सियार ने कहा कि हम ऊंट को यहां लेकर आ सकते हैं, आप उसका शिकार कर लीजिए। शेर को गुस्सा आ गया और बोला कि वह हमारा मेहमान है, उसका शिकार मैं कभी नहीं करूंगा। सियार ने पूछा कि अगर वो स्वयं आपके सामने खुद को समर्पित कर दे तो? शेर ने कहा तब तो मैं उसे खा सकता हूं। फिर सियार ने कौवे और चीते ने ऊंट से बोला कि महाराज बहुत कमजोर हो गए हैं। अगर महाराज हमें भी खाना चाहें, तो मैं खुद को उनके सामने समर्पित कर दूंगा। सियार की बात सुनकर ऊंट भी महाराज का भोजन बनने के लिए तैयार हो गया। चारों शेर के पास गए और तीनों ने अपने को खा जाने की बात कही। और तीनों ने अपने आप को एक दूसरे का पक्ष रखकर एक दूसरे को बचा लिया । जब तीनों को शेर ने नहीं खाया, तब ऊंट ने भी सोचा कि महाराज मुझे भी नहीं खाएंगे, क्योंकि मैं तो उनका मेहमान हूं। यह सोचकर वो भी बोलने लगा कि महाराज आप मुझे अपना भोजन बना लो। इतना सुनते ही शेर, चीता और सियार उस पर झपट पड़े। इससे पहले कि ऊंट कुछ समझ पाता, उसके प्राण शरीर से निकल चुके थे और चारों उसे अपना भोजन बना चुके थे।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा।

**वृषभ** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार? मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी।

**मिथुन** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**कर्क** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है।

**सिंह** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी।

**तुला** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे।

**वृश्चिक** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे।

**धनु** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे।

**मकर** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है।

**कुम्भ** व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें।

**मीन** मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

बॉलीवुड | मन की बात

# फैंस के दिलों तक पहुंचने में समय लगा : मृणाल



मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी हालिया रिलीज द फैमिली स्टार के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वक्त तो लगा लेकिन आखिरकार मैंने दर्शकों के दिलों में जगह बना ली। मृणाल को दर्शकों से बेहद प्यार मिल रहा है। वह अपनी नवीनतम फिल्म द फैमिली स्टार को लेकर भगवान का आशीर्वाद पाने के लिए मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची। एक्ट्रेस ने कहा, मुझे इतना प्यार देने के लिए मैं सभी को धन्यवाद कहना चाहती हूं। मुझे दर्शकों के दिलों तक पहुंचने में काफी समय लगा लेकिन अब जब मैंने लोगों के दिलों में जगह बना ली है तो मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। मैं कड़ी मेहनत करती रहूंगी और ज्यादा से ज्यादा फिल्में लेकर आऊंगी। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि इस फिल्म को ऐसा रिस्पॉन्स मिलेगा। मैंने पहले कभी कोई रॉम-कॉम (रोमान्स कॉमेडी) नहीं किया है। यह मेरा पहला अनुभव है, और लोग इसे पसंद कर रहे हैं। मुझे कॉमेडी करने में बहुत मजा आया। मेरी पिछली सभी भूमिकाएं गंभीर थीं। इस फिल्म पर काम करना मेरे लिए वाकई हवा के झोंके जैसा था। जल्द ही फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी और हिंदी दर्शक भी इसका लुत्फ उठा सकेंगे। द फैमिली स्टार एक तेलुगु भाषा की रोमांटिक पारिवारिक ड्रामा फिल्म है, जो परशुराम द्वारा लिखित और निर्देशित है और यह श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के तहत दिल राजू और सिरीश द्वारा निर्मित है। फिल्म में विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं और यह 5 अप्रैल, 2024 को रिलीज हुई थी।

# अजय देवगन ने फतेह किया 'मैदान'

अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मैदान सिनेमाघरों में आज दस्तक दे चुकी है। फिल्म में अजय के अलावा प्रियामणि, गजराज राव और रुद्रनील घोष भी अहम किरदार में नजर आए हैं। 3 घंटे की ये फिल्म आपके अंदर जोश तो भरेगी ही, साथ ही इमोशनल भी करेगी। फिल्म की कहानी साल 1952 से 1962 के बीच इंडियन फुटबॉल टीम के कोच रहे सैय्यद अब्दुल रहीम के जीवन पर आधारित है। सैय्यद अब्दुल रहीम ने अपनी पूरी जिंदगी फुटबॉल को दे दी थी। उनकी वजह से ही टीम इंडिया को ब्राजील ऑफ एशिया का टाइटल दिया गया था। इतना ही नहीं टीम इंडिया ने एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल भी अपने नाम किया था। फिल्म में दिखाया कि उन्होंने कैसे फुटबॉल फेडरेशन की राजनीति से लड़कर टीम इंडिया के लिए कामयाबी की एक अनोखी कहानी लिखी।

फिल्म का फर्स्ट हाफ में काफी स्लो है, कहीं कहीं फिल्म थोड़ी सी उबाऊ भी हो जाती है। कुछ शॉर्ट बहुत फास्ट देखने को मिलते हैं। जैसे कि कैसे जल्दी से टीम बन जाती है और सब कुछ हो जाता है, लगता है किरदारों को ठीक से फैलने का टाइम न दिया गया हो। लेकिन फिल्म का सेकेंड हाफ आपको अपनी सीट से चिपके रहने के लिए मजबूर। टीम इंडिया के मैच के सीन कर देता है। आपको ऐसा लगेगा कि आप थिएटर में नहीं स्टेडियम में बैठे हैं। फिल्म आपको सैय्यद अब्दुल रहीम की जिद और जुनून से रूबरू कराती है। फिल्म में अजय देवगन ने एक बार फिर अपनी शानदार एक्टिंग से दिल जीत लिया है। ये उनकी बेहतरीन फिल्मों में से एक है। अजय ने इस किरदार के साथ पूरा न्याय किया है। रहीम साहब के इमोशन्स को उन्होंने बेहतरीन तरीके से दर्शकों के सामने रखा है। वहीं खेल पत्रकार के किरदार में दिखे गजराज राव भी इंप्रेस करते हैं। अजय की पत्नी के किरदार में प्रियामणि जमी, कमेंटेटर बने अभिलाष थपलियाल ने अच्छा काम किया है।

अमित शर्मा का डायरेक्शन में बनी ये फिल्म उनके काम को बखूबी बयां करती है। अमित बधाई हो जैसी हिट फिल्म का निर्देशन कर चुके हैं। हालांकि वह फिल्म की टाइमिंग को थोड़ा मैनेज कर सकते थे। फिल्म में टीम इंडिया के मैच के सीन देख आप सीटी बजाए रह नहीं पाएंग। कुल मिलाकर फिल्म हर तरीके से अच्छी है। आपको अपने पूरे परिवार के साथ देखना चाहिए। फिल्म स्पोर्ट लवर के लिए ट्रीट है। वहीं हमें अपने देश के महान फुटबॉल के बारे में जानने का मौका देती है।



बॉलीवुड | मसाला


# फिल्म क्रू को प्रीति जिंटा ने बताया हंसी का पिटारा

करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। उनकी फिल्म क्रू को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तो धमाल मचा ही रही है। साथ ही, इसे इंडस्ट्री के लोग भी काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। अब इस लिस्ट में प्रीति जिंटा का नाम भी जुड़ गया है। हाल ही में अभिनेत्री ने इस फिल्म को देखकर सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

फिल्म की समीक्षा करते हुए प्रीति ने बताया कि क्रू हंसी का पिटारा है। उन्होंने फिल्म के निर्माण और सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई दी। साथ ही, उन्होंने फिल्म की तीनों अभिनेत्रियों को सुपर टैलेंटेड और खूबसूरत भी करार दिया।

उन्होंने लिखा, तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन की सुपर टैलेंटेड और खूबसूरत तिकड़ी वाली फिल्म क्रू को थिएटर में देखकर बहुत अच्छा लगा। फिल्म के हर एक पल का खूब आनंद लिया। इस फिल्म के लिए पूरी टीम को बधाई। दोस्तों इसे जरूर देखें। यह सचमुच देखने लायक है। इससे पहले अर्जुन कपूर ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म और इसके कलाकारों की प्रशंसा की थी। फिल्म क्रू के कलेक्शन की बात करें तो फिल्म टिकट खिड़की पर जबर्दस्त कमाई कर रही है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 11वें दिन एक करोड़ 75 लाख रुपये का बिजनेस किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई अब 60 करोड़ रुपये हो गई है। तीनों अभिनेत्रियों के अलावा इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रीति जिंटा काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। वे जल्द ही लाहौर 1947 से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही है। इस फिल्म में सनी देओल मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे हैं। वहीं, इसका निर्माण आमिर खान का प्रोडक्शन हाउस कर रहा है।






अजब-गजब | इस खूबसूरत झील की सच्चाई है बेहद खौफनाक

# इस झील में जो भी गया जिंदा वापस नहीं आया

सोशल मीडिया पर रूसी शहर नोवोसिबिर्स्क के एक झील की तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही है। किसी तस्वीर में बिकिनी में महिला पानी किनारे पोज देती हुई नजर आ रही हैं तो किसी में कोई शख्स बोटिंग करता दिख रहा है। लेकिन असल में ये सबकुछ छलावा है। सालों पहले भी इस झील की तस्वीरें खूब वायरल हुई थीं, तब वैज्ञानिकों ने इसको लेकर चेतावनी जारी की थी और झील की खौफनाक सच्चाई से अवगत कराया था। तब वैज्ञानिकों ने कहा था कि टूरिस्ट्स को इसकी आकर्षक फिरोजा छटा से धोखा नहीं खाना चाहिए, क्योंकि ये झील असल में एक जहरीला जलाशय है। इसमें पास के बिजली संयंत्र से रासायनिक अवशेष डंप किए जाते हैं।


साइंटिस्ट्स ने बताया कि यह प्यारा रंग जो लोगों को स्वर्ग-सा अहसास दिलाता है, दरअसल वो पानी में घुले हुए कैल्शियम और धातु ऑक्साइड के बीच रासायनिक प्रतिक्रिया का परिणाम है। ऐसे में अगर कोई इसके अंदर जाता है तो उसका जिंदा बचना भी मुश्किल हो सकता है। बता दें कि रूस के तीसरे सबसे बड़े शहर के स्थानीय निवासियों ने झील को साइबेरियन मालदीव कहना शुरू कर दिया था। ऐसे में लोग यहां पर सेल्फी लेने आने लगे तो कई लोग फैशन और शादी की फोटोग्राफी के लिए भी आने लगे। कुछ ने तो झील में सैर का प्लान भी बनाया।




हालांकि, तब बिजली संयंत्र से जुड़ी कंपनी का कहना था कि तालाब जहरीला नहीं है, लेकिन पानी अत्यधिक क्षारीय है। ऐसे में अगर कोई इसके पानी को छूता है तो उसके त्वचा में जलन हो सकती है। अपने सोशल मीडिया पेज पर कंपनी ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा, सेल्फी के चक्कर में राख के ढेर में न गिरें। इतना ही नहीं, कंपनी ने ये भी कहा था कि झील मात्र 3 से 6 फीट गहरी है और नीचे काफी कीचड़ है। ऐसे में अगर कोई गिर जाता है तो बिना मदद के उसे पानी से बाहर निकालना व्यावहारिक रूप से असंभव है।

चेतावनी के बावजूद टूरिस्ट्स का झील में आना जारी है और कुछ तो पानी में भी घुस जाते हैं। लेकिन पानी में जाने वालों को इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। कभी किसी के चेहरे पर दाना हो जाता है तो कभी कोई नाक-गला सूखने की शिकायत करता है। कई लोग कहते हैं कि पानी से तेज डिटर्जेंट की गंध आती है। बता दें कि झील प्राकृतिक नहीं है। इसे नोवोसिबिर्स्क शहर को ऊर्जा प्रदान करने वाले थर्मल पावर स्टेशन पर कोयला जलाने के परिणामस्वरूप निकलने वाली रासायनिक राख को डंप करने के लिए खोदा गया था। 1970 के दशक में निर्मित यह बिजली संयंत्र साइबेरिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा संयंत्र है।

# इस आइलैंड में बंट रही हैं बकरियां लोगों को बुला-बुलाकर दिया जा रहा है



दुनिया इतनी बड़ी है कि यहां हर किसी की अपनी दिक्कत है। किसी को नौकरी नहीं मिल रही है तो किसी को पालने के लिए पशु तक खरीदने के पैसे नहीं हैं। वैसे अगर मुनाफा देने वाले जानवरों को कोई आपको फ्री में दे रहा हो, तो इससे बेहतर और क्या होगा। आपको जानकर हैरानी होगी कि एक जगह ऐसी है, जहां फ्री में बकरियां बांटी जा रही हैं। इटली के एक आइलैंड में लोगों से अपील की जा रही है कि वो यहां आएं और अपने साथ बकरियां ले जाएं। बाकायदा इसके लिए एप्लीकेशन मांगे जा रहे हैं और कहा जा रहा है कि लोग आकर इन्हें अपने साथ ले जाएं। इस आइलैंड का नाम Alicudi है और समस्या ये है कि यहां इतनी बकरियां हो चुकी हैं कि लोगों से अपील की जा रही है-प्लीज इन्हें ले जाओ। ये डील आइलैंड की ओर से आधिकारिक तौर पर दी जा रही है। बकरियां ले जाने के इच्छुक लोगों को अपने एप्लिकेशन ईमेल के जरिये देने होंगे। उन्हें सिर्फ इस डील को ऑफिशियल करने के लिए 17 डॉलर यानि 1400 रुपये का चार्ज देना होगा। इसके बाद उन्हें 15 दिन दिए जाएंगे, जिसमें उन्हें बकरे-बकरियों को पकड़ना होगा और वे उन्हें अपने साथ ले जा सकते हैं। ये ऑफर तब तक चलेगा, जब तक आइलैंड से बकरियों की संख्या कम न हो जाए। 20 साल पहले इस आइलैंड में बकरियां आई थीं, जिन्हें एक किसान ने खुला छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने इतने बच्चे पैदा किए कि उनकी संख्या बढ़ती चली गई। फिलहाल यहां 600 जंगली बकरियां हैं, जबकि सिर्फ 100 लोग रहते हैं। ये किसी के भी घर में घुस जाती हैं और कुछ भी नुकसान कर रही हैं। ऐसे में मेयर रिकार्डो गुलो ने एडॉप्ट अ गोट प्रोग्राम लॉन्च किया है। इसके तहत कोई भी यहां से कितनी भी बकरियां ले जा सकता है। जब सिर्फ 100 बकरियां यहां रह जाएंगी, तब इस स्कीम को बंद कर दिया जाएगा।

# भाजपा को 200 सीट भी मिलना मुश्किल : बीरेंद्र

## पूर्व मंत्री की घर वापसी से कांग्रेसी उत्साहित, बांगर बेल्ट की सियासत में बदलेंगे समीकरण

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

चंडीगढ़। चौधरी बीरेंद्र सिंह का उचाना, जींद, कैथल समेत बांगर बेल्ट में खासा प्रभाव है। वह बांगर क्षेत्र की राजनीति करते रहे हैं और हलके में सीएम पद लाने को लेकर संघर्ष करते रहे हैं। हालांकि, कई बार मौका मिलते-मिलते रह गया। इसलिए उनको राजनीति में ट्रेजडी किंग के नाम से जाना जाता है। बीरेंद्र सिंह की घर वापसी से कांग्रेसी उत्साहित हैं। हालांकि, लोकसभा चुनावों के परिणाम ही तय करेंगे कि बीरेंद्र सिंह के आने से कांग्रेस को फायदा हुआ या नहीं।

दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि उनकी विचारधारा की वापसी है। भाजपा में शामिल होते समय यह अंदाजा था कि दोनों पार्टियों की विचारधारा में भिन्नता होगी, लेकिन कई मुद्दों पर इतना भारी अंतर होगा, इसका अनुभव बाद में हुआ। चौधरी बीरेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि भले ही चुनावी राजनीति न करें, लेकिन जहां तक संभव होगा सक्रिय रहकर काम करेंगे। भाजपा के 400 पार के नारे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह अजूबा हो सकता है, वरना संभव नहीं है। वर्तमान हालात में भाजपा 200 पार कर ले तो बड़ी बात होगी।



**जजपा से गठबंधन की वजह से थे नाराज**

बीरेंद्र सिंह ने कहा कि महीना भर पहले ही उन्होंने भाजपा से कहा था कि जजपा से गठबंधन न तोड़ा तो वह भाजपा छोड़ देंगे और उन्हें लगता है कि भाजपा ने इसमें देरी की है।

## भाजपा-जजपा नेताओं को लौस जाने से रोकें : दीपेंद्र हुड्डा

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा का कहना है कि गांवों में भाजपा प्रत्याशियों को रोका न जाए, बल्कि वोट की चोट दें। क्योंकि चुनाव के समय तनावपूर्ण माहौल पैदा करने से बचा जाए। उन्होंने कहा कि बीजेपी खुद के लिए 400 पार का खोखला दावा कर रही है, जबकि कांग्रेस लोगों के लिए मेट्रो को रोहतक पार लाने की बात कह रही है। जजपा की टूट के सवाल पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी नेताओं की गांवों में एंट्री रोकने की बजाए, जनता को वोट की ताकत से उनको लोकसभा में एंट्री करने से रोकना चाहिए। क्योंकि जनता के पास लोकतंत्र का सबसे बड़ा हथियार है वोट। जजपा की टूट पर हुड्डा



ने कहा कि पार्टी के नेताओं ने भाजपा से गठबंधन करके मतदाता से विश्वासघात किया था। ऐसे में पार्टी का टूटना तय था। पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह व उनके परिवार के कांग्रेस में शामिल होने के सवाल पर दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। इस मौके पर कांग्रेस के विधायक भारत भूषण बतरा भी मौजूद रहे।

## प्रदेश में आंधी के साथ बिजली गिरने के आसार, पर नहीं मिलेगी गर्मी से राहत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। प्रदेश में बुधवार को दक्षिणी हिस्सों (बुंदेलखंड के आसपास )में बारिश और हल्की आंधी के साथ बिजली गिरने के आसार हैं। 11 व 12 अप्रैल को भी ऐसे ही हालात बने रह सकते हैं। जबकि 13 अप्रैल को पूरे प्रदेश के लिए येलो अलर्ट जरी किया गया है।

पूरे प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर बारिश-बिजली का असर दिख सकता है। 20 से 30 किमी की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। 14और 15 अप्रैल को भी ऐसे ही हालात बने रहने के आसार हैं। अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं है। जबकि न्यूनतम तापमान दो डिग्री तक बढ़ सकता है।

### कई जिलों में आंधी बारिश, गिरा पारा

उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर मंगलवार को नजर आया। कानपुर नगर, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, रायबरेली समेत कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने 15 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम रहने का आसार जताया है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक 13 को प्रदेश के कुछ इलाकों को छोड़ कर ज्यादातर क्षेत्र में बारिश, आंधी का असर दिख सकता है। छिटपुट बारिश और तेज हवा का असर ये रहा कि पारे में मामूली ही बदलाव हुआ है। वाराणसी, झांसी, प्रयागराज में पारा 40 डिग्री से अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान मुजफ्फरनगर में सबसे कम 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। ज्यादातर इलाकों में रात का तापमान सामान्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहा।



## वोट के लिए कश्मीरी पंडितों के दर्द का इस्तेमाल कर रही बीजेपी : महबूबा मुफ्ती

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

जम्मू कश्मीर। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पूरे भारत में वोट बैंक बढ़ाने के लिए कश्मीरी पंडितों के दर्द को औजार के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने कश्मीरी पंडित पारिवारिक मित्र की शोक सभा के बाद कहा, पंडित समुदाय के पास खुद इतने वोट नहीं हैं, लेकिन भाजपा ने उनके दर्द और पीड़ा का इस्तेमाल किया और उनके नाम पर वोट मांगती रही, उनके लिए कुछ नहीं किया।



**पीडीपी प्रमुख ने भाजपा को घेरा**

पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा ने कहा, जब से भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र ने सीधे जम्मू-कश्मीर का प्रशासन शुरू किया है, यहां तक कि जो कश्मीरी पंडित यहां रहते थे, वे भी चले गए हैं क्योंकि स्थिति ऐसी हो गई है। उन्होंने कहा, कि देश में क्या हो रहा है? हमारे समुदाय के लोगों को पीट-पीट कर मार डाला गया... पीटा गया, मस्जिदों और मदरसों को ध्वस्त कर दिया गया, घरों को ध्वस्त कर दिया गया। हमारे देश के लोग, हमारे हिंदू भाई, धर्मनिरपेक्ष हैं। कई पंडित बहुत कठिन समय में यहां रहते हैं और मुस्लिम और हिंदू यहां पहले की तरह रहने के लिए तैयार हैं।

कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी पर बोलते हुए महबूबा ने कहा कि समुदाय को किसी सरकार की मदद की जरूरत नहीं है। कहा, हमारे कश्मीरी पंडित भाई-बहन जम्मू या अन्य जगहों पर बहुत कठिन परिस्थितियों में रह रहे हैं, मुझे लगता है कि उन्हें यहां बसने के लिए किसी की मदद की जरूरत नहीं है - चाहे सरकार भाजपा की हो या महबूबा मुफ्ती की या किसी और की। कश्मीर के लोग चाहते हैं कि कश्मीरी पंडित वापस आएं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी परिवार से मुलाकात कर सांत्वना व्यक्त की। हालांकि, दोनों ने यह कहते हुए पत्रकारों से बात करने से इनकार कर दिया कि यह एक दुखद अवसर है।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सूरज कनौजिया, संजीत कनौजिया व रंजीत कनौजिया पुत्रगण मेडी लाल, निवासीगण - 293, सरोसा भरोसा, लखनऊ, ने एक किता प्लाट नं.- 22, खसरा नं. 1330, रकबा 1800 वर्गफीट, राजस्व ग्राम सरोसा भरोसा, परगना - काकोरी, तहसील- सरोजनी नगर, जिला- लखनऊ, उर्मिला देवी, से दिनांक 03.01.2022, क्रमांक. 138, उप-निबंधक - सरोजनी नगर, लखनऊ, को क्रय किया था, तथा उर्मिला देवी ने उपरोक्त प्लाट गया प्रसाद, से दिनांक 15. 10.2014, क्रमांक. 16104, उप-निबंधक - लखनऊ, को क्रय किया था, तथा गया प्रसाद ने उपरोक्त प्लाट हसरत सहकारी आवास समिति लिमिटेड लखनऊ, से दिनांक 16.03.1999, क्रमांक. 598, उप-निबंधक - लखनऊ, को क्रय किया था । - हसरत सहकारी आवास समिति लिमिटेड लखनऊ, से गया प्रसाद, दिनांक 16.03.1999, बही स. 1, जिल्द न. 28, पृष्ठ स. 53 / 68, क्रमांक. 598, उप-निबंधक - लखनऊ को क्रय किया था, जो कहीं खो गयी हैं एवं क्रेतागण पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा - लखनऊ, से गृह ऋण ले रहे हैं, यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 14 दिन के अंदर निम्न से संपर्क करें।

मृगेन्द्र बहादुर सिंह
(अधिवक्ता)
पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
आफिस ई. डब्ल्यू. एस. 209 व 210
सेक्टर जी, जानकीपुरम, लखनऊ
मो- 6394317537, 9415542801


## जीत की दहलीज पर आकर हारा पंजाब

**» रोमांचक मैच में हैदराबाद ने 2 रनों से दी मात, बेकार गई शशांक-आशुतोष की पारी**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

हैदराबाद। आईपीएल 2024 के 23वें मैच में पंजाब और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच रोमांचक मैच हुआ। जिसे हैदराबाद ने 2 रन से अपने नाम कर लिया। एसआरएच ने 183 रन का टारगेट दिया, जिसके जवाब में पंजाब ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। शशांक सिंह 25 गेंदों में नाबाद 46 रन और आशुतोष शर्मा 15 गेंदों में नाबाद 33 रन की मेहनत बेकार गई।

वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद के लिए युवा नीतिश कुमार रेड्डी ने 64 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। सनराइजर्स हैदराबाद ने नीतिश रेड्डी (37 गेंद, चार चौके, पांच छक्के) की मदद से नौ विकेट पर 182 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन शशांक सिंह (25 गेंद, छह चौके, एक छक्का) और आशुतोष शर्मा (15 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के जज्बे की दाद देनी होगी जो अंत में अपनी लप्पेबाजी से टीम को लक्ष्य के करीब ले गये लेकिन जीत नहीं दिला सके। इन दोनों ने सातवें विकेट के लिए 27 गेंद में नाबाद 66 रन की साझेदारी निभायी, पर टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 180 रन ही बना सकी।



अंतिम ओवर में जयदेव उनादकट पर शशांक और आशुतोष ने मिलकर तीन छक्कों से 26 रन जुटाये। सनराइजर्स हैदराबाद ने मैच के दौरान तीन कैच छोड़े, पर करीबी मैच में जीत से उसके अब छह अंक हो गये हैं। टीम के लिए भुवनेश्वर कुमार ने 32 रन देकर दो विकेट झटके जबकि कप्तान पैट कमिंस, टी नटराजन, नीतीश कुमार रेड्डी और जयदेव उनादकट ने एक एक विकेट लिया।

पंजाब किंग्स की शुरूआत काफी खराब रही। टीम ने दूसरे ही ओवर में दो रन पर अपना पहला विकेट जॉनी बेयरस्टो के रूप में गंवा दिया जो खाता भी नहीं खोल सके और कमिंस की गेंद पर बोल्ड हो गये। भुवनेश्वर ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए तीसरे ओवर में प्रभसिमरन सिंह (04) और फिर पांचवें ओवर में पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन (14) को आउट कर दो झटके दे दिये।



# नेताओं के चुनावी प्रचार तेज, मोदी पर तीखे प्रहार

## उत्तर से दक्षिण तक रोड शो, रैलियों में जुटने लगी भीड़! तेजस्वी, ममता व स्टालिन से लेकर पवार तक ने बीजेपी के खिलाफ खोला मोर्चा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं सियासी दलों का चुनावी प्रचार तेजी पकड़ रही है। भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी से लेकर सभी दल चुनावी रैलियां करने लग हैं। विपक्ष के निशाने पर प्रधानमंत्री मोदी व बीजेपी सरकार है। ममता बनर्जी अपने गढ़ पश्चिम बंगाल भाजपा को घेरने में जुटे हैं। बिहार में तेजस्वी ने मोर्चा खोल दिया है।

वहीं तमिलनाडु में स्टालिन के निशाने पर पीएम बने हुए हैं। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को लोकसभा चुनाव के प्रचार के सिलसिले में एक बार फिर तमिलनाडु पहुंचे। इस दौरान वेल्लोर में उनका स्वागत किया गया। यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया।



### डीएमके ने तमिल विरोधी संस्कृति को बढ़ावा दिया : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) पर जमकर निशाना साधा और उस पर एक परिवार की कंपनी बनने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के वेल्लोर में एक रैली में कहा कि भ्रष्टाचार पर पहला कॉपीराइट डीएमके का है, पूरा परिवार तमिलनाडु को लूट रहा है। डीएमके तमिलनाडु को पुरानी सोच, पुरानी राजनीति में फंसाए रखना चाहती है, पूरी डीएमके एक परिवार की कंपनी बन गई है। डीएमके की पारिवारिक राजनीति के कारण तमिलनाडु के युवाओं को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल रहा है। डीएमके से चुनाव लड़ने और डीएमके में आगे बढ़ने के तीन मुख्य मापदंड पारिवारिक राजनीति, भ्रष्टाचार और तमिल विरोधी संस्कृति हैं।

### सत्ता पक्ष से लोकहित के बारे में कभी नहीं पूछती मीडिया : तेजस्वी यादव

तेजस्वी ने कहा कि मीडिया के साथी कभी भी हमसे बेरोजगारी, महंगाई, गरीब, किसान, बिहार में विकास, निवेश, पलायन, औद्योगीकरण तथा बेहतर शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल नहीं पूछते। मोदी, धर्म और विपक्ष के अलावा कोई प्रश्न ही नहीं रहता। सत्ता पक्ष से लोकहित में कुछ पूछना नहीं तथा विपक्ष से बीजेपी को फायदा पहुँचाने वाले गैर-जरुरी मुद्दों पर पूछते रहना है। जनतंत्र के लिए यह रवैया दुखद है। उन्होंने कहा कि अगर पीएम मोदी पूरे 365 दिन बिहार आएंगे तो भी उनकी हार तय है। गृह मंत्री और पीएम मोदी का स्वागत है लेकिन हमें उम्मीद है कि वे वास्तविक मुद्दों पर बात करेंगे। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि उन्होंने राज्य के लिए क्या किया है? बिहार से 39 (एनडीए) सांसद चुने गए, इन सांसदों ने अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में क्या किया?



### प्रधानमंत्री केवल चुनाव के समय तमिलनाडु आते हैं: स्टालिन



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह केवल चुनाव के मौसम में राज्य का दौरा करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री पर विपक्षी दलों के शासन वाले राज्यों में केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप भी लगाया। स्टालिन ने यहां द्रमुक और उसके सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश के अधिकतर गैर-भाजपा शासित राज्यों की स्थिति एक जैसी है जहां केंद्रीय एजेंसियों और यहां तक कि राज्यपालों ने राज्य सरकारों के सामने समस्या पैदा कर रखी है। उन्होंने कहा, ''यह मोदी का भारत है।'' उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, ''क्या तमिलनाडु प्रधानमंत्री के लिए पक्षी अभयारण्य है कि वे चुनाव के मौसम में यहां आते हैं? क्या तमिल इस देश के नागरिक नहीं हैं।'' स्टालिन ने कहा कि द्रमुक हिंदुओं की दुश्मन नहीं है और उसने हिंदू धार्मिक और परमार्थ कार्य विभाग के माध्यम से अनेक पहल संचालित की हैं।

### 2021 की तरह ही हारेगी बंगाल में बीजेपी : ममता



पुरुलिया जिले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और आयकर विभाग जैसी एजेंसियां भाजपा के ''हथियार'' के रूप में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, ''टीएमसी नेताओं को परेशान करने के लिए एनआईए, ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ममता बनर्जी का दावा है कि पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में जिस तरीके से टीएमसी ने भाजपा को हराया था, ठीक इस बार भी वैसा ही होगा। 2021 की विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी ने बुरी तरीके से बीजेपी को परास्त किया था। इतना ही नहीं, विपक्ष के तमाम नेताओं में से ममता बनर्जी पीएम मोदी को लगातार चुनौती देती रहती हैं। इसलिए दोनों की सियासी लड़ाई चर्चा के केंद्र में बनी रहती है।

# छत्तीसगढ़ः 50 फीट गहरी खाई में गिरी बस, 12 लोगों की मौत

## » दुर्ग में हुआ भीषण सड़क हादसा, सवार थे कर्मचारी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। दुर्ग जिले के कुम्हारी में एक बस 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस घटना में अब तक 12 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। मृतकों में दो महिलाएं शामिल हैं। वहीं 15 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं।




बता दें कि मंगलवार देर रात ड्यूटी से लौटते समय कर्मचारियों से भरी बस खाई में गिर गई। बस में केडिया डिस्टलरी फैक्ट्री के करीब 40 कर्मचारी सवार थे। बस खाई में गिरने से अब तक 12 लोगों की जान चली गई। इस घटना की जानकारी लगते ही रेस्क्यू टीम तुरतं मौके पर पहुंची और राहत और बचाव अभियान तुरंत शुरू किया गया। देर रात तक बचाव अभियान चलता रहा।

### पीएम मोदी और सीएम विष्णु देव ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जाहिर की। वहीं छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा घायलों से मिलने रायपुर एम्स पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस हादसे की गंभीरता से दंडाधिकारी जांच कराई जाएगी। वहीं घायलों ने डिप्टी सीएम को बताया कि खाई में गिरने वाली बस की एक भी लाइट नहीं जल रही थी। वहीं रास्ते के दोनों तरफ गड्ढा था। 15 घायलों का इलाज रायपुर और दुर्ग के अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है। वहीं दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

फोटोः सुमित कुमार



**घोषणापत्र** लोकसभा चुनाव के लिए सपा का घोषणापत्र जारी करते पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव व अन्य।

# पवार ने उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट की जारी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। देशभर में चुनावी बिगुल बज चुका है। सात फेज में होने वाले चुनावों के लिए पार्टियां जोरशोर से तैयारियों से लेकर प्रचार करने में जुटी हुई है। 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होनी है, जिसे लेकर पार्टिया लगातार प्रचार कर रही है। इस बीच एनसीपी शरद पवार ने उम्मीदवारों की सूची निकालना जारी रखा है।

एनसीपी ने तीसरी लिस्ट जारी की है। इस सूची में कुल नौ नाम शामिल है। इस सूची के मुताबिक सुप्रिया सुले का नाम भी इसमें है, जिन्हें एनसीपी ने बारामती से उम्मीदवार बनाया है। एनसीपी ने अमर काले को वर्धा से मैदान में उतारा है। भास्कर भगरे को दिंडोरी, अमोल काल्हे को शिरुर, निलेश लंके को अहमदनगर, बजरंग सोनवर्ण को बीड़, सुरेश उर्फ बाल्या मामा म्हात्रे को भिवंडी, शशिकांत शिंदे को सतारा, श्रीराम पाटील को रावेर से मैदान में उतारा है। बारामती लोकसभा सीट पर सुप्रिया सुले के आने से लड़ाई बेहद दिलचस्प हो गई है।

# सुप्रीम कोर्ट में बाबा रामदेव-बालकृष्ण का माफीनामा खारिज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भ्रामक विज्ञापन मामले में बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण की बिना शर्त माफी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

कड़े शब्दों में की गई टिप्पणियों में अदालत ने कहा कि कागज पर माफी केवल इसलिए जारी की गई क्योंकि उनकी पीठ दीवार के खिलाफ है। पतंजलि आयुर्वेद द्वारा कथित तौर पर गुमराह करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने का जिक्र करते हुए अदालत ने कहा कि वे ऐसा करने से बचेंगे, फिर भी उन्होंने दोनों को अवमानना मामले में कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा। न्यायमूर्ति हिमा कोहली ने कहा कि माफी कागज पर है। उनकी पीठ दीवार के खिलाफ है।

# एक्टिविस्ट नवलखा को 'सुप्रीम' झटका

## शीर्ष कोर्ट का आदेश- नवलखा को चुकाने होंगे महाराष्ट्र सरकार को 1.64 करोड़ रुपये

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। एक्टिविस्ट गौतम नवलखा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि एक्टिविस्ट गौतम नवलखा को हाउस अरेस्ट में रहने के दौरान जो सुरक्षा मिली थी उसका खर्चा उन्हें ही चुकाना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों की जो तैनाती की थी उसका खर्च भुगतान खुद गौतम नवलखा को करना होगा। इसके पीछे सुप्रीम कोर्ट ने तर्क दिया है कि गौतम नवलखा ने खुद ही हाउस अरेस्ट की मांग की थी।



इस मामले पर नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी ने जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एवीएन भट्टी की बेंच को यह जानकारी दी की हाउस अरेस्ट में रहने के दौरान नवलखा पर 1.64 करोड रुपए खर्च हुए हैं। सुरक्षा में खर्च की गई राशि का भुगतान खुद गौतम नवलखा को ही करना होगा। एल्गार परिषद-मार्कसिस्ट से संबद्ध मामले में गौतम नवलखा को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि मेडिकल ग्राउंड पर गौतम नवलखा ने हाउस अरेस्ट की मांग की थी जिसे कोर्ट ने मंजूरी दी थी।



### यह देनदारी है, इससे बच नहीं सकते : कोर्ट

आपको भुगतान भी करना होगा।'' शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की, '' यह देनदारी है, आप जानते हैं, आप इससे बच नहीं सकते क्योंकि आपने (नजरबंदी के दौरान सुरक्षा की) इसकी मांग की थी।'' राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) का शीर्ष अदालत में पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने कहा कि 1.64 करोड़ रुपये बकाया हैं और 70 वर्षीय नवलखा को उनकी नजरबंदी के दौरान प्रदान की गई सुरक्षा के लिए भुगतान करना होगा। नवलखा के वकील ने कहा कि एनआईए की याचिका पर भी सुनवाई की जरूरत है, जिसमें बंबई उच्च न्यायालय के 19 दिसंबर, 2023 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें नवलखा को जमानत दी गई थी।






स्वामी **4 पीएम** न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
**RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।